nt>
Title: Requests the central government to take steps to provide good quality of seeds to the farmers.

श्री नरेन्द्र बुडानिया : सभापति जी, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाना चाहता हूं। राजस्थान के अन्दर किसानों को उन्नत किस्म का बीज नहीं मिल रहा है और बीज नहीं मिलने के कारण वहां आज से चार रोज पहले तक सरकारी आंकड़ों के मुताबिक ३४ प्रतिशत खरीफ की फसल की बुआई हुई है। यह बहुत गम्भीर मुद्दा है। आज किसानोंबीज नहीं मिलने से फिर बुआई कब होगी, उससे जो पैदावार कम होगी, उसका पूरे देश पर असर पड़ेगा। राजस्थान के अननदर आज ग्वार नकदी फसल मानी जाती है और किसान वहां पर ग्वार की फसल ज्यादा पैदा करता है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि राजस्थान का जो मुख्य पेपर है, उसने भी इस बात के माना है कि राजस्थान के किसानों को पैसा देने के बाद भी उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है। ग्वार की फसल की बुआई का जो लक्षय तय हुआ है, उसकी ७.५ प्रतिशत बुआई हुई है। बीज उपलब्धि का लक्षय ३.७० लाख क्विंटल था, इतने सारे बीज की किसानों को आवश्यकता थी, उसमें सरकार ने जो लक्षय तय किया, वह १३०० क्विंटल का तय किया, लेकिन उसमें भी बीज की उपलब्धि ६३० क्विंटल हुई है।

सभापति महोदय : आप क्या चाहते हैं, भारत सरकार को क्या कहना है, वह कहिये न।

श्री नरेन्द्र बुडानिया : यह तो कृषि का मामला है। आज पूरे पेपर ने इस बात को लिखा है कि किसान को बीज नहीं मिल रहा है। इसके ऊपर गम्भीरता से विचार करना चाहिए और कृषि मंत्री जी को राजस्थान सरकार को पूछना चाहिए कि किसान को बीज क्यों उपलब्ध नहीं हो रहा है। किसानों को बीज उपलब्ध नहीं हुआ, इसका भारी हर्जाना देश को और प्रदेश को होगा, इसलिए मेरी मांग है कि किसानों को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध कराया जाये। इसके लिए भारत सरकार जो भी कदम उठा सकती है, वह किसानों के हित में उठाने चाहिए।